# MJ-1105

## B.A. (Part-III)

Term End Examination, March-April, 2022

## HINDI LITERATURE

Paper - I

जनपदीय भाषा-साहित्य (छत्तीसगढ़ी)

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

[*Minimum Pass Marks* : 25

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

1. निम्नलिखित पद्यांशों/गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 21

(क) भजन करौ भाई रे, अइसन तन पायके।

नहिं रहे लंकापति रावन, नहिं रहे दुर्योधन राई रे।

माता पिता सुत ठाढ़े भाई बंद, आयो जमराज
पकर लै जाही रे।
धरम के अरज गोसांई, नाम कबीर कहौ
गोहराई रे।

***अथवा***

कहे के मतलब ये विजयादशमी या दशहरा के तिथि आर्य संस्कृति मं अपन साख महत्तम रखथय, जेखर चिन्हारी के रूप मं हमन एक दूसर ला सोनपान देके अपन जुग-जुग ले चले आत माता के पूजा, पिता के पूजा अउ शक्ति के पूजा ला अपन-अपन मन मं धारन करथंन।

(ख) ''पढ़े पर न कढ़े बर,
गोठ करे ब चटर-चटर।
पढ़े बर पढ़े
फेर कढ़े नहीं
पढ़े लिखे बने करे।
तोर चाल में कीरा परे।''

***अथवा***





जउन पानी ल तँय हूथस, वो गंगाजल हो
जाथे रे।
जउन लकड़ी ल तँय धरथस, तुतारी-हल हो
जाथे रे।
जउन बीजा ल तँय हूथस, हो जाथे सुघ्घर
पेड़ रे।
जउन रसदा ले रेंगथस, बन जाथे वोहर
मेड़ रे।

(ग) चारों डहर सवाल उगे हे, मूड उचाए करगा
कस।
यैला लू के सफल किसन्हा, हर जुवाब सिरजा
ले थे।
हिजगा-पारी के बजार मां, परमारथ के मोल
कहाँ।
हांस के गुरतुर भाखा बोलय, उही परमपद पा
लेथे।

***अथवा***

चैतू भूख म

बैसाखू घाम म

जेठू इज्जत म

अउ पूसऊ जाड़ म

जांगर चलात-चलात

अकड़ के मर जाथे।

विधाता के एहू

एक किसिम के नियाव आय

अपन भगत सो बलि लेके

या उनला संसार के दुख

ले उबारे के।

2. "धरमदास के पदों पर कबीर वाणी का प्रभाव है।" इस कथन की सोदाहरण समीक्षा कीजिए। 12

*अथवा*

छत्तीसगढ़ी साहित्य में सत्यभामा ऑडिल के योगदान पर प्रकाश डालिए।





3. मुकुन्द कौशल के गजलों की विशेषताएँ लिखिए। 12

*अथवा*

छत्तीसगढ़ी साहित्य की विकासयात्रा पर एक निबंध लिखिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 3×5

   *(i)* पं० सुंदरलाल शर्मा का रचना संसार

   *(ii)* चंदैनी गोंदा का महत्व

   *(iii)* कपिलनाथ कश्यप द्वारा रचित 'श्री राम कथा' की विशेषताएँ

   *(iv)* 'तयँ उठथस सुरूज उथे' कविता का भावपक्ष

   *(v)* लखनलाल गुप्त का साहित्यिक अवदान

   *(vi)* विजयादशमी का सामाजिक महत्व

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पन्द्रह** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के क्रमानुसार पूरे वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×15

   *(i)* धर्मदास के गुरु कौन थे?

(*ii*) 'डोकरी' शब्द का पुल्लिंग रूप लिखिए।

(*iii*) 'तिरिया' का हिन्दी शब्द बताइए।

(*iv*) 'सोनपान' के रचनाकार कौन हैं ?

(*v*) 'छत्तीसगढ़ी' शब्द का सबसे पहले प्रयोग किस पुस्तक में मिलता है ?

(*vi*) छत्तीसगढ़ के गांधी के रुप में विख्यात रचनाकार का नाम लिखिए।

(*vii*) पण्डवानी का उत्स कहाँ से माना जाता है ?

(*viii*) 'तुतारी-हल' किस कार्य में प्रयोग करते हैं ?

(*ix*) 'सतनाम पंथ' के संस्थापक कौन हैं ?

(*x*) 'हल्बी' में लिखे जाने वाले एक कवि का नाम लिखिए।

(*xi*) छत्तीसगढ़ी बोली में 'मुटियारी' और 'चेलिक' किसके लिए प्रयुक्त होता है ?

(*xii*) 'जुन्ना' शब्द का हिन्दी रूप लिखिए।

(*xiii*) छत्तीसगढ़ी के गजलकार का नाम लिखिए।





(*xiv*) राऊत गीत नाचा का समय क्या है ?

(*xv*) लोकमंच के कल्पनाशील सर्जक का नाम लिखिए।

(*xvi*) एक छत्तीसगढ़ी पत्रिका का नाम लिखिए।

# MJ-1106

## B.A. (Part-III)

Term End Examination, March-April, 2022

## HINDI LITERATURE

### Paper - II

### हिन्दी भाषा साहित्य का इतिहास तथा काव्यांग विवेचन

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

[*Minimum Pass Marks* : 25

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

---

1. पूर्वी हिन्दी की बोलियों के विकास और विशेषताओं का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 11

***अथवा***

'हिन्दी' शब्द की उत्पत्ति कैसे हुई? हिन्दी शब्द की उत्पत्ति के संबंध में विभिन्न विचार लिखिए।

2. हिन्दी के शब्द भंडार की संक्षिप्त चर्चा कीजिए। 11

***अथवा***

हिन्दी के शब्द भंडार के प्रकारों को ध्यान में रखते हुए बताइए कि निम्नलिखित शब्द किस प्रकार के अन्तर्गत आते हैं?

(*i*) अंधकार

(*ii*) आश्चर्य

(*iii*) जीभ

(*iv*) आग

(*v*) रोज़ा

(*vi*) चूहा

(*vii*) तेंदुआ

(*viii*) भोंदू

(*ix*) वस्त्र

(*x*) कबड्डी

(*xi*) खड़खड़

3. आदिकाल के साहित्य को किन छः वर्गों में बाँटा जा सकता है? उनका संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 11

***अथवा***

भक्तिकाल की उपलब्धियों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।





4. 'रस' के कितने अंग होते हैं? उनका संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 11

***अथवा***

अलंकार की परिभाषा और उसके प्रमुख प्रकारों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 4×4

(*i*) हिन्दी की आठ बोलियों के नाम

(*ii*) आचार्य रामचंद्र शुक्ल का काल-विभाजन

(*iii*) राष्ट्रभाषा का महत्व

(*iv*) छायावाद युग

(*v*) हिन्दी के कोई दो प्रमुख उपन्यासों का परिचय

(*vi*) कबीर का काव्य

6. निम्नलिखित प्रश्नों के अतिसंक्षिप्त उत्तर दीजिए : 1×15

(*i*) कवि केशवदास किस काल के कवि माने जाते हैं? लिखिए।

(*ii*) महाकवि सूरदास की किसी एक प्रसिद्ध रचना का नाम लिखिए।

(*iii*) छंद कितने प्रकार के होते हैं? लिखिए।

(*iv*) रसों में किस 'रस' को 'रसराज' कहा जाता है? लिखिए।

(*v*) 'रस' कितने प्रकार के होते हैं? लिखिए।

(*vi*) विषम चरणों में 13 और सम चरणों में 11 मात्राओं वाले छंद का नाम लिखिए।

(*vii*) 'अज्ञेय' की किसी एक प्रसिद्ध रचना का नाम लिखिए।

(*viii*) 'अक्षर' शब्द तत्सम है या तद्भव? लिखिए।

(*ix*) 'खटखट' शब्द देशज है या आगत? लिखिए।

(*x*) बुंदेली का शुद्ध प्रयोग किन शहरों ग्रामों में किया जाता है? लिखिए।

(*xi*) श्रृंगार रस का स्थायी भाव लिखिए।

(*xii*) अवधी के किसी एक प्रसिद्ध कवि का नाम लिखिए।

(*xiii*) हिन्दी साहित्य में 'आलोचना' का क्या तात्पर्य है? लिखिए।

(*xiv*) हिन्दी साहित्य में 1918 से 1938 तक का समय किस युग के नाम से जाना जाता है? लिखिए।

(*xv*) 'उसने कहा था' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

---